समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# पीएम मोदी को स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'White Double Cross', सीएम भजनलाल बोले- 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व का क्षण

राजेश चौधरी

Published on 18 Jun 2026



स्लोवाकिया द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान '**The Order of the White Double Cross (1st Class)**' से सम्मानित किए जाने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और सम्मान का ऐतिहासिक क्षण बताया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह सम्मान केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नहीं, बल्कि **140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, संस्कृति, सामर्थ्य और वैश्विक प्रतिष्ठा** का सम्मान है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपनी मजबूत और प्रभावशाली पहचान स्थापित की है। आज वैश्विक समुदाय भारत की बात गंभीरता से सुनता है और उसकी नीतियों का सम्मान करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। विभिन्न देशों के साथ भारत के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और विश्व में देश का सम्मान अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व, भारत की बढ़ती कूटनीतिक ताकत और विश्व में देश की मजबूत होती साख का प्रतीक है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर नई उपलब्धियां हासिल करता रहेगा और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.